
**गणेशोत्सव** | शहर में गणेशोत्सव की धूम, विभिन्न पंडालों में स्थापित हुईं आकर्षक व भव्य प्रतिमाएं



सदर गली नंबर 9 में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमा


सेठ मोहल्ला सदर गली नंबर 5 में स्थापित प्रतिमा


सदर महावीर कंपाउंड में स्थापित श्रीगणेश की प्रतिमा

# भगवान गणेश की प्रतिमाओं के दर्शन के लिए निकले भक्त

**नवभारत,जबलपुर।** शहर के विभिन्न इलाकों में भगवान श्री गणेश जी के पर्व की धूम अब नजर आने लगी है। शुक्रवार को गणेशोत्सव का पांचवा दिन रहा और पंडालों में विभिन्न समितियों द्वारा प्रतिदिन भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विधि विधान से पूजन अर्चन का दौर जारी है। इसके साथ ही आकर्षक विद्युत साज सज्जा भी समितियों द्वारा की गई है जो कि रात के वक्त आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उधर रात में अपने अपने परिवार के साथ लोग भी भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के दर्शन के लिए घरों से निकलने लगे हैं। जानकारी के अनुसार सदर, रांझी, गढ़ा, संजीवनी नगर, घमापुर, कांचघर, सिविल लाइन, गुलौआ चौक, गंगासागर, मालवीय चौक सहित अन्य प्रमुख इलाकों में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं पंडालों में स्थापित हो चुकीं हैं। जो कि आकर्षण का केंद्र बनी हुईं हैं।



# 1 करोड़ की चांदी से बनी गणेश प्रतिमा आकर्षण का केंद्र

**श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर में उमड़ रही भक्तों की भीड़**

**नवभारत,जबलपुर।** श्री सिद्ध रजत गणेश मंदिर , चांदी वाले गणेश जी , ललपुर रोड ,गौरीघाट में चांदी की मूर्ति की स्थापना के 16 वर्ष पूरे हो गए हैं। मंदिर के पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में वर्ष 2011 में चांदी की भगवान श्री गणेश की पहली मूर्ति स्थापित की गई थी। प्रथम मूर्ति सवा पांच किलो ग्राम की थी, फिर सवा ग्यारह , फिर 21 किलो फिर 31 किलो और अब वर्तमान में 41 किलो की है जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए से ऊपर की है। मंदिर में पूजन के सही पंचपात्र चांदी के हैं। अर्जी लगाने के बाद मनोकामना पूर्ण होने पर भक्तजन जो चांदी अर्पण करते है उसके सहयोग से मूर्ति का निर्माण होता है। अभी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए पहुंच रही है।

पुजारी के अनुसार मंदिर में प्रतिदिन गणेश भगवान का 1000 नमो से सहस्त्रार्चन होता है एवं अथर्व शीर्ष पाठ के साथ महाभिषेक होता है । साथ ही प्रतिदिन दिनों के अनुसार प्रभु श्री गणेश का रंगीन वस्त्रो से श्रृंगार होता है । फिर महाआरती और भंडारे भी यहां आयोजित प्रतिदिन होते हैं। जानकारी के अनुसार मंदिर में मनोकामना पूर्ति के लिए नारियल के साथ मंदिर के रजिस्टर पर अर्जी भी लिखी जाती है।

### एक नजर में

## होम स्टे, फार्म स्टे के पंजीयन का शिविर-कार्यशाला 20 को

**नवभारत,जबलपुर।** होम स्टे ओनर्स वेलफेयर सोसाइटी, मध्य प्रदेश एवं मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय होम स्टे, फार्म स्टे, ग्राम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के अंतर्गत पंजीयन शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन 20 सितंबर को होटल कल्चुरी रेसीडेंसी, सिविल लाइन्स में किया जा रहा है। जिले के जिन नागरिकों के पास स्वयं का घर, फार्म हाउस, हेरिटेज होम या एयर बी एंड बी उपलब्ध हैं, वे अपने घर को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की होम स्टे योजना 2010 (संशोधित 2018), फार्म स्टे योजना एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना से जोड़कर पर्यटन की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं और अपने बी एंड बी यूनिट को कानूनी तरीके से पंजीयन करवा कर अपने लिए रोजगार एवं आय बढ़ा सकते हैं। इस कार्यशाला में एमपीटीबी अधिकारियों एवं संस्था द्वारा पंजीयन प्रक्रिया, निरीक्षण, सब्सिडी, परियोजना के लाभ एवं अतिथि पंजीयन की पूरी जानकारी दी जाएगी।

## नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 20 सितंबर को

**जबलपुर।** दंडी स्वामी कालिकानंद धर्मार्थ नेत्रालय एवं क्लीनिक सेंटर, रेल्वे फाटक भटौली कालीधाम, कालीघाट गौरीघाट में 20 सितंबर को सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती एवं स्वामी प्यारेनंद महाराज के सानिध्य में होने वाले शिविर में डॉ. अभिजित विश्नोई द्वारा रेटिना, कॉर्निया, कांचियाबिंद, मोतियाबिंद सहित आंखों से संबंधित विभिन्न रोगों की निशुल्क जांच की जाएगी। आयोजकों ने नागरिकों से सपरिवार पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रेया ने किया रक्तदान

**नवभारत,जबलपुर।** स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रेया खंडेलवाल ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। यह श्रेया का 23 वर्ष की उम्र में 17 वां रक्तदान था। उसने अपने 18 वें जन्मदिन से रक्तदान प्रारंभ किया था, थैलेसीमिया की जांच कराई थी तथा अंगदान-देहदान का संकल्प पत्र भरा था। श्रेया ने उपस्थित उपस्थित लोगों से भी रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान, देहदान को अपने परिवार की संस्कृति बनाने हेतु निवेदन किया। उसकी माता अर्चना तथा पिता विकास भी रक्तदाता हैं। इस मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , आयुक्त



रामप्रकाश अहिरवार , उपायुक्त संभव अयाची तथा एम आई मेंबर, स्वास्थ्य व स्वच्छता रजनी कैलाश साहू ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# इंजीनियर्स डे पर दिया तकनीक, गुणवत्ता और विकास पर जोर

**सड़कों से जल प्रबंधन तक, शहर की जरूरतों पर रखी तकनीकी राय**

**नवभारत , जबलपुर ।** इंजीनियर्स डे के अवसर पर सर एम. विश्वेश्वरैया इंजीनियर्स फोरम का वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ और युवा अभियंताओं ने शामिल होकर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जबलपुर की विकास जरूरतों पर चर्चा की। इस दौरान शहर की यातायात व्यवस्था, सड़क-पार्किंग, जल प्रबंधन और अधोसंरचना से जुड़े विषय प्रमुखता से सामने आए।



इस दौरान फोरम के अध्यक्ष तरूण आनंद ने शहर की यातायात व्यवस्था, प्रमुख सड़कों और चौराहों का वैज्ञानिक विकास, बेहतर पार्किंग व सार्वजनिक परिवहन जैसे मुद्दों पर तकनीकी संवाद की जरूरत बताई गई। इसके साथ नर्मदा और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन विकास, स्वच्छ एवं हरित शहर, वर्षा जल निकासी और जल प्रबंधन को लेकर भी दीर्घकालीन योजना की आवश्यकता पर बात रखी गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने वॉयलिन और निर्मल खम्परिया ने बांसुरी वादन किया। कोषाध्यक्ष संजय वर्मा ने माउथ ऑर्गन की प्रस्तुति दी। इसके अलावा अन्य अभियंताओं ने भी संगीत प्रस्तुतियां दीं। उपस्थित सदस्यों ने वार्षिक मिलन उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र बुंदेला, अध्यक्ष इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स मध्यप्रदेश स्टेट सेंटर, तथा विशिष्ट अतिथि राजेश शाक्यवार, आनंद राणे, जीएस बघेल, रिंकू विज और आनंद भैरवे मौजूद रहे।

# विनोबा भावे सब स्टेशन के विस्तार का कार्य शीघ्र पूरा करें : एमडी सुनील तिवारी

**सबस्टेशन को आधुनिक एवं रिमोट संचालित बनाने की तैयारी**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जबलपुर शहर के महत्वपूर्ण 132 केवी सबस्टेशन विनोबा भावे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सबस्टेशन के विस्तार एवं उन्नयन से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें गुणवत्ता और मानकों के हिसाब से पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्रबंध संचालक ने विनोबा भावे सबस्टेशन के



विस्तार के लिए बनाई जा रही नई कंट्रोल रूम बिल्डिंग तथा सबस्टेशन के उन्नयन के लिए तीसरे पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तीसरा ट्रांसफार्मर स्थापित होने से शहर में लोड प्रबंधन और आसान रह सकेगा उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति, तकनीकी पहलुओं तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की। प्रबंध संचालक ने इस दौरान ये भी निर्देश दिए कि शहर के इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन में सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम तकनीक लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया जाए, ताकि भविष्य में इसे रिमोट संचालित सबस्टेशन के रूप में विकसित किया जा सके। इसके साथ ही प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने हाल ही में रीमॉडलिंग किए गए विनोबा भावे सबस्टेशन के विभिन्न कार्यों का अवलोकन किया और विनोबा भावे सब स्टेशन से जोड़ी गई डायरेक्ट 132 केवी लाइन सप्लाई की समीक्षा भी की।

**ये रहे उपस्थित**

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता डी के अग्रवाल, के.एम. सिंघल, सतीश दुबे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता टेस्टिंग सर्कल जबलपुर आर.सी. शर्मा, अधीक्षण अभियंता मनोज असाटी, ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस जबलपुर सर्कल के अधीक्षण अभियंता आर.एस.पांडे, कार्यपालन अभियंता ए.पी.एस. चौहान सहित नरेंद्र पटेल, शशि शेखर, चेतन यादव आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# 11 को होगा मूक-बधिर दिव्यांग बच्चों के साथ गरबा का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** नेशनल मीडिया फाउंडेशन द्वारा गरबा का आयोजन किया जा रहा है । नेशनल मीडिया फाउंडेशन की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया वाकुलकर रायत ने बताया कि संस्कारधानी गरबा डांडिया महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर को गुलजार होटल में रविवार शाम 4 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। जिसमें इस वर्ष भी विशेष रूप से बौद्धिक रूप से अक्षम मूक-बधिर दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर बच्चों के साथ गरबा का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहेगा। सोनिया के अनुसार इस वर्ष गरबा का 11वां वर्ष है जिसमें लगभग



100 बच्चे भाग ले रहे हैं। गरबा में गढ़ा, विजय नगर, दुर्गा नगर भटौली से बच्चों का आगमन होगा।





# मुख्यमंत्री ने किया संत रविदास सेवा समिति के राजेंद्र को सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** संत रविदास सेवा समिति जबलपुर के कर्ताधर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र चौधरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गढ़ा गोंडवाना संघ के मंच पर सम्मानित किया। राजेंद्र को ये सम्मान उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रदान किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजेंद्र को राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी का तैल्य चित्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धर्मातयन श्री जिनमंदिर में कल मनाया जाएगा पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक

**नवभारत,जबलपुर।** दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन 19 सितंबर को महाष्टमी के अवसर पर श्री महावीर स्वामी मार्ग स्थित 'धर्मातयन' श्री जिनमंदिर में उत्तम धर्म एवं श्री पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। श्री वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में होने वाले आयोजन में प्रतिदिन सुबह एवं शाम 7.30 बजे से विभिन्न धार्मिक व् सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर



धर्मातयन श्री जिनमंदिर के प्रथम एवं द्वितीय तल पर विराजमान श्रीजी का जलाभिषेक महोत्सव भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद महिला-पुरुष, युवक-युवतियों एवं बच्चों ने सामूहिक पूजन में भाग लेकर आराधना की।

महापर्व के दौरान प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से तत्वार्थ सूत्र की कक्षा भी आयोजित की जा रही है, जिसमें श्रद्धालु धर्मग्रंथों एवं जैन दर्शन का अध्ययन कर रहे हैं। आयोजन की जानकारी जैन युवा फेडरेशन के अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव संदीप जैन, धर्मप्रचारक नितिन जैन, निशांत जैन, विशाल जैन एवं अखिलेश जैन ने संयुक्त रूप से दी। कल 19 सितंबर को उत्तम शौच पर्व है। उत्तम शौच धर्म के माध्यम से लोभ का त्याग कर आंतरिक एवं बाह्य पवित्रता बनाए रखने का संदेश वीतरागी भगवान द्वारा दिया गया है ।

**जीवन में सद्गुणों को अपनाने दी प्रेरणा**

आयोजन में मुंबई से विशेष रूप से आमंत्रित विद्वान पंडित विपिन शास्त्री ने शास्त्र स्वाध्याय के दौरान उत्तम आर्जव धर्म की व्याख्या करते हुए मन, वचन एवं शरीर में सरलता और निष्कपटता अपनाने का संदेश दिया। और साथ ही उन्होंने धर्म के माध्यम से आत्मशुद्धि और जीवन में सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी।

**राधाष्टमी** | प्राकट्य कथा के साथ राधारानी को प्रिय व्यंजनों का लगेगा भोग

# राधारानी के प्राकट्य पर भक्ति उत्सव, मंदिरों में की गई सजावट

**नवभारत ,जबलपुर।** राधाष्टमी के अवसर पर शनिवार को शहर के राधा-कृष्ण मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। राधारानी के प्राकट्य उत्सव को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट और श्रृंगार किया जा रहा है। दिनभर पूजा-अर्चना के साथ शाम को भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की तैयारी है।

### इन मंदिरों में होंगे आयोजन

राधाष्टमी के अवसर पर शहर के विभिन्न राधा-कृष्ण मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चलेगा। सनातन धर्म मंदिर, गोपाल मंदिर घमापुर, प्रेम मंदिर राइट टाउन सहित अन्य मंदिरों में राधारानी का विशेष



श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर परिसरों को फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा। शाम के समय भजन-कीर्तन और राधारानी के प्राकट्य से जुड़ी कथा के आयोजन होंगे। श्रद्धालुओं के लिए विशेष भोग और प्रसाद की व्यवस्था के साथ कई मंदिरों में भंडारा भी होगा। राधाष्टमी को लेकर मंदिर समितियों द्वारा तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

### भजनों से गूंजेंगे मंदिर

शाम के समय मंदिरों में भजन-कीर्तन के आयोजन होंगे। श्रद्धालु राधारानी के दर्शन के साथ भजन और प्राकट्य कथा में शामिल होंगे। आयोजन समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भंडारे की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। राधाष्टमी के चलते शहर के प्रमुख राधा-कृष्ण मंदिरों में दिनभर धार्मिक माहौल रहने की संभावना है।

**सनातन मंदिर में महकेगी मालपुआ-रबड़ी की मिठास**

राधाष्टमी के अवसर पर सनातन धर्म मंदिर में राधारानी के लिए विशेष भोग तैयार किया जाएगा। इसमें मालपुआ और रबड़ी को शामिल किया गया है। मान्यता के अनुसार राधारानी को प्रिय माने जाने वाले इन व्यंजनों का भोग पूजन के दौरान अर्पित किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में इसका वितरण होगा। मंदिर परिसर में भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी, जहां आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा स्थापना दिवस समारोह आयोजित



**नवभारत,जबलपुर।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जबलपुर अंचल द्वारा बैंक के 92वें स्थापना दिवस के अवसर पर होटल शॉन एलिजे, जबलपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में लगभग 200 सम्मानित ग्राहकों के साथ बैंक अधिकारी, कर्मचारी, सीए, बिल्डर्स, एडवोकेट, बिजनेस कोरसपोंडेंट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत उद्बोधन ओंकार कुमार, अंचल प्रमुख, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, जबलपुर अंचल द्वारा किया गया। समारोह में कैलाश गुप्ता, अग्रगण्य ऑटोमोटिव्ह उद्योजक तथा प्रख्यात समाज सेवक जबलपुर, अखिलेश जैन, चार्टर्ड अकाऊंटेंट ,भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष मध्य प्रदेश, डॉ. स्वाति सदानंद गोडबोले, प्रकाश धीरावानी, निदेशक, जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, विशाल दत्त, संस्थापक दत्त बिल्डर , चांदनी आहूजा, चार्टर्ड अकाऊंटेंट मौजूद रहे।

**ग्राहकों के साथ साझा की गई गौरवपूर्ण यात्रा**

समारोह के दौरान बैंक की 92 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को ग्राहकों के साथ साझा किया गया और बैंक की हालिया उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बताया गया कि बैंक ने जून तिमाही 2026-27 में 6.50 लाख करोड़ के बिजनेस माइलस्टोन को प्राप्त किया है। साथ ही, बैंक द्वारा बेस्ट मिड साइज्ड बैंक के रूप में पहचान बनाए जाने तथा इसके परिणामस्वरूप निवेशकों के बढ़ते विश्वास से बैंक के शेयर मूल्य में हुई उल्लेखनीय वृद्धि का भी उल्लेख किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्राहकों को ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में उपअंचल प्रमुख निखिल पाटिल द्वारा उपस्थित अतिथियों, सभी ग्राहकों एवं सहयोगी पार्टनर्स का हृदय से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।